प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
प्रभात 76 साल बेमिसाल
www.subhartimedia.com | लखनऊ, शनिवार, 11 जुलाई 2020, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 | उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड से प्रकाशित | भारत में 1429 लोगों पर अस्पतालों में एक बेड | पेज-12

वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हुआ प्रो.भरतराज सिंह का शोध चैप्टर

बधाई

- यूनाइटेड किंगडम के पब्लिशर्स ने दी बधाई

लखनऊ-प्रभात

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ (संबद्धः अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय) के लिए अत्यन्त गर्व और खुशी की बात है कि प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी) एसएमएस के अध्याय शीर्षक : ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों का जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन : समुद्र स्तर में वृद्धि और आपदा आवृत्ति जो उनकी संपादित पुस्तक : ग्लोबल वार्मिंग. प्रभाव और भविष्य की संभावनाएं का एक चैप्टर है, विश्व स्तर पर बहुत लोकप्रिय हो गया है। उनके इस शोध कार्य ने 6584 से अधिक की उच्च पहचान (दृश्यता) प्राप्त की और वैज्ञानिक समुदाय के भीतर प्रभावी पैठ बनाई है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस शोध ने दुनियाभर में शोधकर्ताओं के उनके स्वयं के प्रोजेक्ट्स को विकसित करने के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। इन्टेक.ओपन पब्लिशर्स, यूनाइटेड किंगडम द्वारा प्रो. भरत राज सिंह को उनकी उक्त प्रकाशित शोध की विश्वस्तर की उपलब्धियों के लिए काफी सराहना तथा बधाई प्रदान की है।